कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा / माध्य / अ–4 / म.गां. / अंग्रेजी माध्यम / 2019–20 दिनांक : 30/5/19

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा
समस्त

विषय– राज्य में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 1 से 12 तक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों की स्थापना के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती पर राज्य में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 1 से 12 तक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों की स्थापना का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। उक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके जिला क्षेत्राधिकार में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर किसी एक ऐसे विद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव निम्नानुसार बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए तैयार कर दिनांकः 03.06.2019 तक इस कार्यालय की ई–मेल आई.ड़ी– secondarydd2@gmail.com पर संलग्न निर्धारित प्रपत्र में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें:–

1. उक्त विद्यालयों का अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय के रूप में संचालन मौजूदा शैक्षिक सत्रः 2019–20 में ही प्रारम्भ किया जाना है।
2. जिला मुख्यालय पर कक्षा 1 से 12 तक संचालित विद्यालयों में से एक विद्यालय, जिसका स्वयं का विद्यालय भूमि – भवन हों तथा जो भौतिक सुविधाओं से युक्त (यथा पर्याप्त अतिरिक्त कक्षा–कक्ष एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों) हों, का चयन करें।
3. चयन किए जाने वाले विद्यालय का कुल नामांकन इस श्रेणी के अन्य विद्यालयों से तुलनात्मक रूप से न्यून हो।

संलग्न :- निर्धारित प्रपत्र

(मुकेश कुमार शर्मा)
उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा.......................

जिला मुख्यालय पर एक अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 1 से 12 तक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की स्थापना हेतु प्रस्ताव

क.सं.	प्रस्तावित एक राउमावि का नाम जिसका कुल नामांकन अन्य राउमावि से कम हो	नामांकन					संचालित संकाय का नाम	विद्यालय में उपलब्ध कुल कक्षा–कक्षों की संख्या	अतिरिक्त कक्षों की कुल संख्या	पर्याप्त भौतिक संसाधानों की स्थिति	विशेष विवरण
		1 से 5	6 से 8	9 से 10	11 से 12	योग					

हस्ताक्षर
जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)–माध्यमिक......